>

Title: Request the government to construct new National Highway from Motihari - Dhaka- Bhandar-Khoripakar - Adori - Basantpatti to Sitamarhi, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (**शिवहर**): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले मोतिहारी-सीतामढ़ी पथ की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं । ज्ञात हो कि मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर एक नक्सल प्रभावित पिछड़ा हुआ क्षेत्र है जहां सड़क एवं परिवहन का अभाव है । मेरा अनुरोध पूर्वक कहना है कि मोतिहारी सीतामढ़ी सड़क को एन.एच. की श्रेणी में शामिल करते हुए यदि इसका रूट मोतिहारी-ढ़ाका-भंडार-खोड़ीपाकड़-अदौरी-बसंतपट्टी-सीतामढ़ी किया जाता है तो इससे पूर्वी चम्पारण जिला से शिहवर जिला के बीच लगभग 28 कि.मी. की दूरी कम हो जाएगी तथा पूर्वी चम्पारण, शिवहर एवं सीतमढ़ी जिला एक ही रूट में जुड़ जाएगा । साथ ही इससे जुड़े पिछड़े इलाके का विकास संभव हो सकेगा तथा लाखों किसान काश्तकार, सीधे तौर पर अपनी गन्ना जैसी फसलें सीतामढ़ी जिले के रीवा में अवस्थित चीनी मिल तक आसानी से पहुंचाकर लाभान्वित होंगे । मात्र 62 किलोमीटर के इस नए एन.एच. निर्माण से दिल्ली तक की दूरी 100 कि.मी. तक कम हो जाएगी ।

अत: सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध होगा कि जनता के व्यापक हित में मोतिहारी-ढ़ाका-भंडार-खोड़ीपाकड़-अदौरी-बसंतपट्टी-सीतामढ़ी तक नए एन.एच. की स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा की जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सी.पी.जोशी को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।